मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी एरिया–इन्दौर

क्रमांक/1387/पेड/2026/प.–9 दिनांक 26/11/2026

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2027/ राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2027 (विशेष) तथा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2027/राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2027 (विशेष) के पाठ्यक्रम के संबंध में

–:विज्ञप्तिः–

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2027/ राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2027 (विशेष) तथा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2027/ राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2027 (विशेष) की परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा रहा है।

अभ्यर्थी परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम, आयोग की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

26.11.2026
परीक्षा नियंत्रक

राज्य सेवा परीक्षा–2027

परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

1. **राज्य सेवा परीक्षा के तीन क्रमिक चरण होंगे–**
   (1) **राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा** (वस्तुनिष्ठ प्रश्न ओ.एम.आर. शीट आधारित)।
   (2) **राज्य सेवा मुख्य परीक्षा** (लिखित वर्णनात्मक)।
   (3) **साक्षात्कार।**

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा

2. प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहुविकल्पीय प्रश्न) के दो प्रश्न पत्र होंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र की रचना निम्नलिखित योजनानुसार की जाएगी–

प्रथम प्रश्न पत्र	सामान्य अध्ययन	2 घंटे	300 अंक
द्वितीय प्रश्न पत्र	सामान्य अभिरुचि परीक्षण	2 घंटे	300 अंक

3. यह परीक्षा मुख्य परीक्षा हेतु केवल पात्रता निर्धारित करने (Eligibility Test) के रूप में ली जाती है। इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अभ्यर्थियों का मुख्य परीक्षा हेतु योग्य/अर्ह घोषित किया जाता है। अंतिम चयन सूची केवल मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्मित की जाएगी।

4. (1) दोनों प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ प्रकार (बहु विकल्पीय प्रश्न) के होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्भावित उत्तर होंगे, जिन्हें A ,B, C और D में समूहीकृत किया जाएगा, जिनमें से एक उत्तर सही होगा। उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वह उत्तर पुस्तिका में उसके द्वारा निर्णित सही माने गए A, B, C या D में से केवल एक उत्तर पर गोला काला कर उत्तर चिह्नित करे।

(2) प्रत्येक प्रश्नपत्र में 3–3 अंकों के 100 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्नपत्र की समयावधि 2 घंटे होगी। परीक्षा में ऋणात्मक मूल्यांकन (3R-W)=प्राप्तांक पद्धति से होगा। जहाँ **R= सही उत्तरों की संख्या तथा W = गलत उत्तरों की संख्या होगी।** प्रत्येक सही उत्तर के लिये 3 अंक प्रदाय किए जाएँगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।

(3) प्रारंभिक परीक्षा हेतु सामान्य अध्ययन तथा सामान्य अभिरुचि–परीक्षण के विस्तृत पाठ्यक्रम परिशिष्ट–दो में यथा विनिर्दिष्ट हैं।

(4) प्रत्येक प्रश्न पत्र हिन्दी तथा अंग्रेजी में होगा। द्वितीय प्रश्नपत्र के पाठ्यक्रम में सम्मिलित बिन्दु क्रमांक–7 'हिन्दी भाषा में बोधगम्यता कौशल' के प्रश्न सिर्फ हिन्दी भाषा में होंगे।

(5) प्रारंभिक परीक्षा उपरांत परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों और उसके मॉडल उत्तरों की प्रावधिक उत्तर कुंजी तैयार कर आयोग की वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित कर ऑनलाइन पद्धति से 05 दिवस की अवधि में आपत्तियाँ प्राप्त की जाएंगी। अभ्यर्थी आयोग द्वारा प्रति प्रश्न निर्धारित प्रश्न शुल्क तथा पोर्टल शुल्क का भुगतान कर केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही आपत्तियाँ जमा कर सकेंगे। 05 दिवस के निर्धारित अवधि के पश्चात् किसी भी अभ्यावेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों पर विषय–विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जाएगा। समिति द्वारा आपत्तियों पर विचार कर निम्नानुसार कार्यवाही की जाएगी–

1. ऐसे प्रश्न जिनका प्रावधिक उत्तर–कुंजी में दिए गए विकल्पों में से गलत उत्तर दिया गया है और विकल्पों में अन्य विकल्प सही है तब प्रावधिक उत्तर–कुंजी को संशोधित किया जाएगा।
2. प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद में भिन्नता की स्थिति में केवल हिन्दी अनुवाद ही मान्य होगा।
3. ऐसे प्रश्न जिनका दिए गए विकल्पों में एक से अधिक सही उत्तर हैं, सभी सही उत्तरों को मान्य किया जाएगा।
4. ऐसे प्रश्न जिनका दिए गए विकल्पों में एक भी सही उत्तर न हो को प्रश्न पत्र से विलोपित (Delete) किया जाएगा।
5. विषय–विशेषज्ञ समिति द्वारा समस्त अभ्यावेदनों पर विचार करने के पश्चात् अंतिम उत्तर–कुंजी बनाई जाएगी तथा आयोग द्वारा वेबसाइट https://mppsc.mp.gov.in पर प्रकाशित की जाएगी। निर्धारित 05 दिवस की अवधि के उपरांत कोई भी आपत्ति/पत्र–व्यवहार मान्य नहीं किया जाएगा। विषय–विशेषज्ञ समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।
6. उपर्युक्त अनुसार परीक्षण के उपरांत समिति द्वारा विलोपित किए गए प्रश्नों के लिए प्रश्नपत्र में उपस्थित सभी परीक्षार्थियों को प्रश्न के पूर्णांक प्रदान किए जाएंगे।

5. मुख्य परीक्षा हेतु लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों की संख्या, कुल रिक्त पदों की संख्या के प्रवर्गवार अधिकतम 20 गुना होगी। प्रवर्गवार समान अंक प्राप्त उम्मीदवारों को भी मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह घोषित किया जाएगा। केवल वे ही उम्मीदवार जिन्हें आयोग ने संबंधित विज्ञापन के अधीन प्रारंभिक परीक्षा में अर्ह घोषित किया है, मुख्य परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्र होंगे। मुख्य परीक्षा की पात्रता हेतु अनारक्षित श्रेणी के उम्मीदवार को प्रारंभिक परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार अनारक्षित महिला श्रेणी के परीक्षार्थियों को भी प्रारंभिक परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं दिव्यांगजन श्रेणी के उम्मीदवारों हेतु न्यूनतम अर्हकारी अंक 30 प्रतिशत होंगे।

विशेष –

1. राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का द्वितीय प्रश्नपत्र केवल अर्हकारी स्वरूप का होगा। इस प्रश्न पत्र में उपर्युक्त बिन्दु–5 के अनुसार न्यूनतम अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
2. द्वितीय प्रश्न पत्र में प्राप्त अंकों को प्रारंभिक परीक्षा–परिणाम हेतु गुणानुक्रम–निर्धारण में शामिल नहीं किया जाएगा।
3. राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा का पाठ्यक्रम भी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के समान ही होगा।
4. राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा की मेरिट सूची प्रथम व द्वितीय दोनों प्रश्न पत्रों के प्राप्तांकों को जोड़कर तैयार की जाएगी।

26.11.2026

परीक्षा नियंत्रक

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2027

पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न पत्र– सामान्य अध्ययन

1. भारत का इतिहास

- संकल्पना एवं विचार– प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, भारतवर्ष, वेद, उपनिषद, आरण्यक, ब्राह्मण ग्रंथ, षड्दर्शन, स्मृतियाँ, ऋत सभा समिति, गणतंत्र, वर्णाश्रम, पुरुषार्थ, ऋण संस्कार, पंचमहायज्ञ/यज्ञ, कर्म का सिद्धांत, बोधिसत्व, तीर्थंकर।
- प्राचीन एवं मध्यकालीन भारत के इतिहास की प्रमुख विशेषताएँ, घटनाएँ एवं उनकी प्रशासनिक, सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्थाएँ।
- भारत की सांस्कृतिक विरासत– कला प्रारूप, साहित्य, पर्व एवं उत्सव।
- 19वीं एवं 20वीं शताब्दी में सामाजिक तथा धार्मिक सुधार आंदोलन।
- स्वतंत्रता संघर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन।
- स्वतंत्रता के पश्चात् भारत का एकीकरण एवं पुनर्गठन।

2. मध्यप्रदेश का इतिहास, संस्कृति एवं साहित्य

- मध्यप्रदेश के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएँ, प्रमुख राजवंश।
- स्वतंत्रता आंदोलन में मध्यप्रदेश का योगदान।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख कला एवं स्थापत्य कला।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ एवं उनकी बोलियाँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख त्योहार, लोक संगीत, लोक कलाएँ एवं लोक–साहित्य।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख साहित्यकार एवं उनकी कृतियाँ।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक पर्यटन स्थल।
- मध्यप्रदेश में विश्व धरोहर स्थल।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख जनजातीय व्यक्तित्व।

3. भारत का भूगोल

- पर्वत, पहाड़ियाँ, पठार, नदियाँ और झीलें।
- जलवायु घटनाएँ– अल–नीनो, ला–नीना, दक्षिणी दोलन, पश्चिमी विक्षोभ, जलवायु परिवर्तन के परिणाम।
- प्राकृतिक संसाधन– वन, खनिज, जल संसाधन।
- प्रमुख फसलें, खाद्य सुरक्षा, हरित क्रांति, दूसरी हरित क्रांति की रणनीतियाँ।
- ऊर्जा के पारंपरिक और गैर–पारंपरिक स्रोत।
- भारत में प्राकृतिक खतरे और आपदाएँ, भारत में प्रमुख चक्रवात।
- जनसंख्या वृद्धि, वितरण एवं घनत्व, ग्रामीण–नगरीय प्रवास।

4. मध्यप्रदेश का भूगोल

- वन, वनोपज, नदियाँ, पहाड़ियाँ और पठार।
- जलवायु– ऋतुएँ, तापमान, वर्षा।
- प्राकृतिक संसाधन– मिट्टियाँ, प्रमुख खनिज संसाधन।
- प्रमुख फसलें, जल संसाधन, सिंचाई और सिंचाई परियोजनाएँ।
- ऊर्जा के पारंपरिक और गैर–पारंपरिक स्रोत।
- मध्यप्रदेश के प्रमुख उद्योग।
- जनसंख्या वृद्धि, वितरण एवं घनत्व, नगरीकरण।

5. भारत एवं मध्यप्रदेश की संवैधानिक व्यवस्था

- संविधान सभा।
- संघीय कार्यपालिका, राष्ट्रपति एवं संसद।
- सर्वोच्च न्यायालय एवं न्यायिक व्यवस्था।
- संवैधानिक संशोधन।
- नागरिकों के मौलिक अधिकार, कर्तव्य एवं राज्य के नीति–निदेशक सिद्धांत।
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक संवैधानिक/सांविधिक आयोग एवं संस्थाएँ।
- मध्यप्रदेश की संवैधानिक व्यवस्था (राज्यपाल, मंत्रिमंडल, विधानसभा, उच्च न्यायालय)।
- मध्यप्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतीराज एवं नगरीय प्रशासन व्यवस्था।
- मध्यप्रदेश में सुशासन (अभिशासन व्यवस्था)।

6. भारत एवं मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था

- भारतीय अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश की वर्तमान स्थिति।
- मध्यप्रदेश की जनसंख्या व मानवीय संसाधनों का विकास– शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल।
- सतत् विकास लक्ष्यों में मध्यप्रदेश की प्रगति।
- मध्यप्रदेश में कृषि, उद्योग, एम.एस.एम.ई. एवं अधोसंरचना का विकास।
- आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश, एक जिला एक उत्पाद (ओ.डी.ओ.पी.)।
- मध्यप्रदेश में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आई.पी.आर.) की प्रगति।
- भारतीय अर्थव्यवस्था की नवीन प्रवृत्तियाँ– कृषि, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र।
- वित्तीय संस्थाएँ– रिजर्व बैंक, वाणिज्यिक बैंक, सेबी, गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाएँ।
- भारत की विदेशी व्यापार की नीतियाँ एवं जी–20, सार्क तथा एशियान।

7. विज्ञान, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य

- विज्ञान की प्रमुख शाखाओं का प्रारंभिक ज्ञान।
- भारत के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान एवं उनकी उपलब्धियाँ।
- उपग्रह एवं अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ।
- मानव शरीर संरचना।
- पोषण, आहार, पोषक तत्व एवं कुपोषण।
- अनुवांशिक रोग, सिकल सेल एनीमिया– कारण, प्रभाव, निदान एवं कार्यक्रम।
- स्वास्थ्य नीति एवं कार्यक्रम, संक्रामक रोग, उनकी रोकथाम एवं स्वास्थ्य सूचक।
- सतत् विकास की अवधारणा एवं एस.डी.जी.।
- पर्यावरणीय कारक, पारिस्थितिकीय तंत्र एवं जैव–विविधता।
- प्रदूषण, प्राकृतिक आपदाएँ एवं प्रबंधन।

8. अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं मध्यप्रदेश की समसामयिक घटनाएँ

- अंतर्राष्ट्रीय समसामायिक घटनाएँ।
- राष्ट्रीय समसामायिक घटनाएँ।
- मध्यप्रदेश की समसामायिक घटनाएँ।

9. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

- कंप्यूटर का आधारभूत ज्ञान।
- इलेक्ट्रॉनिकी, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी।
- रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स एवं सायबर सिक्यूरिटी।
- ई–गवर्नेंस।
- इंटरनेट तथा सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्मस्।

10. मध्यप्रदेश की जनजातियाँ– विरासत, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य

- मध्यप्रदेश में जनजातियों का भौगोलिक विस्तार, जनजातियों से संबंधित संवैधानिक प्रावधान।
- मध्यप्रदेश की प्रमुख जनजातियाँ, विशेष पिछड़ी जनजातियाँ एवं घुमन्तू जातियाँ, जनजातियों के कल्याण के लिए योजनाएँ।
- मध्यप्रदेश की जनजातीय संस्कृति– परम्पराएँ, विशिष्ट कलाएँ, त्यौहार, उत्सव, भाषा, बोली एवं साहित्य।
- मध्यप्रदेश की जनजातियों का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान एवं राज्य के प्रमुख जनजातीय व्यक्तित्व। मध्यप्रदेश में जनजातियों से संबंधित प्रमुख संस्थान, संग्रहालय, प्रकाशन।
- मध्यप्रदेश की लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य।

राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2027

पाठ्यक्रम

द्वितीय प्रश्न पत्र– सामान्य अभिरुचि परीक्षण

1. बोधगम्यता।
2. सम्प्रेषण कौशल।
3. तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता।
4. निर्णय लेना एवं समस्या समाधान।
5. सामान्य मानसिक योग्यता।
6. आधारभूत संख्यात्मकता – संख्याएँ एवं उनके संबंध, परिमाण क्रम, आँकड़ों का निर्वचन (चार्ट, ग्राफ, तालिका, आँकड़ों की पर्याप्तता आदि) { सामान्यतः दसवीं कक्षा का स्तर}
7. हिन्दी भाषा में बोधगम्यता कौशल (सामान्यतः दसवीं कक्षा का स्तर)।

टिप्पणी– सामान्यतः दसवीं कक्षा के स्तर के हिन्दी भाषा के बोधगम्यता कौशल से संबंधित प्रश्नों का परीक्षण, प्रश्नपत्र में केवल हिन्दी भाषा के उद्धरणों के माध्यम से, अँग्रेजी अनुवाद उपलब्ध कराए बिना किया जाएगा।

State Service and State Forest Service (Preliminary) Exam-2027

Syllabus

PAPER-I GENERAL STUDIES

1. **History of India**
   - Concepts and Ideas - Ancient Indian Knowledge Tradition, Bharatvarsha, Vedas, Upanishad, Aranyaka, Brahman Granth, Shaddarshan, Smritiyan, Rit Sabha-Samiti, Gantantra(Republic), Varnashrama, Purushartha, Rin Sanskara, Panch Mahayagya/Yagya, Principle of Karma, Bodhisatva, Teerthankar.
   - Salient features, Events and their administrative, Social and Economic Systems of Ancient and Medieval India.
   - India's cultural heritage- Artforms, literature, festivals and events.
   - Social and Religious Reform Movements in 19th and 20th century.
   - Independence Struggle and Indian National Movement.
   - Integration and Reorganization of India after Independence.

2. **History, Culture and Literature of Madhya Pradesh**
   - Major Events and Major Dynasties of Madhya Pradesh.
   - Contribution of Madhya Pradesh in Freedom Movement.
   - Major Arts and Sculpture of Madhya Pradesh.
   - Major Tribes and Dialects of Madhya Pradesh.
   - Major Festivals, Folk Music, Folk Arts and Folk literature of Madhya Pradesh.
   - Important literary Creators of Madhya Pradesh and their Literary Creations.
   - Major Tourist Places of Religious, Cultural and Archaeological Importance in Madhya Pradesh.
   - World Heritage sites in Madhya Pradesh.
   - Important Tribal Personalities of Madhya Pradesh.
3. **Geography of India**
   - Mountains, Hills, Plateaus, Rivers and Lakes.
   - Climate phenomena- El Nino, La Nina, Southern Oscillation,Western Disturbance, Consequences of Climate Change.
   - Natural Resources – Forest, Minerals, Water Resources.
   - Major Crops, Food Security, Green Revolution, Strategies for the Second Green Revolution.

- Conventional and Non-Conventional sources of energy.
- Natural hazards and disasters in India, Major cyclones in India.
- Population growth, distribution and Density, Rural-Urban Migration.

4. **Geography of Madhya Pradesh**
   - Forest, Forest Produce, Rivers, Hills and Plateaus.
   - Climate - Seasons, Temperature, Rainfall.
   - Natural Resources- Soils and Major Mineral resources.
   - Major Crops, Water Resources, Irrigation and Irrigation Projects.
   - Conventional and Non-Conventional Sources of Energy.
   - Major Industries of Madhya Pradesh.
   - Population Growth, Distribution and Density, Urbanisation.

5. **Constitutional System of India and Madhya Pradesh**
   - Constituent Assembly.
   - Federal Executive, President and Parliament.
   - Supreme Court and Judicial System.
   - Constitutional Amendments.
   - Fundamental Rights and Duties of Citizens, Duties and Directive Principle of State.
   - National and Regional Constitutional/Statutory Commissions and Institutions.
   - Constitutional System of Madhya Pradesh (Governor, Cabinet, Legislative Assembly, High Court).
   - Three-Tier Panchayati Raj and Civil Administration system. in Madhya Pradesh
   - Good Governance in Madhya Pradesh (Governance System).

6. **Economy of India and Madhya Pradesh**
   - Corrent Situation of Madhya Pradesh in Indian Economy.
   - Population and Human Resources Development- Education, Health and Skills in Madhya Pradesh.
   - Progress in Sustainable Development Goals in Madhya Pradesh.
   - Development of Agriculture, Industry, MSME and Infrastructure Development in Madhya Pradesh.
   - Self-Reliant/Atma Nirbhar Madhya Pradesh, One District One Product (ODOP).
   - Progress of Intellectual Property Rights (IPR) in Madhya Pradesh.
   - Recent Trends in Indian Economy– Agriculture, Industry and Service sectors.
   - Financial Institutions– Reserve Bank, Commercial Banks, SEBI, Non-Banking Financial Institutions.
   - India's foreign Trade Policies G-20, SAARC and ASEAN.

7. **Science, Environment and Health**
   - Preliminary Knowlegde of Main Branches of Science.
   - Important Indian Scientific Research Institutions and their Achievements.
   - Setellite and Space Technology Achivment of India in the Field of Space Science.
   - Structure of Human Body.
   - Nutrition, Food, Nutrient and Malnutrition.
   - Genetic Disease, Sickle Cell Anemia- Cause, Effect, Diagonosis and Program.
   - Health Policy and Programmes, Infectious disease and its Prevention and Health Indicator.
   - Concept of Sustainable Development and SDG's.
   - Environmental Factors, Biodiversity and Ecosystem.
   - Pollution, Natural Calamities and Management.

8. **International, National and Current Events of Madhya Pradesh**
   - International Current Events.
   - National Current Events.
   - Current Events of Madhya Pradesh.

9. **Information and Communication Technology**
   - Basic Knowledge of Computer.
   - Electronics, Information and Communication Technology.
   - Robotics, Artificial Intelligence and Cyber Security.
   - E-Governance.
   - Internet and Social Networking Platforms.

10. **Tribes of Madhya Pradesh- Heritage, Folk Culture and Folk Literature**
    - The Geographical distribution of the Tribes in Madhya Pradesh, Constitutional Provisions Related to Tribes.
    - Major Tribes of Madhya Pradesh, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTG) and Tribal Welfare Programs.
    - Tribal Culture of Madhya Pradesh- Customs, Traditions, Special Arts Festivals, Dialects and Literature.
    - Madhya Pradesh Tribals' Contribution to the Freedom Movement of India and Tribal Personalities of Madhya Pradesh, Important Institutes, Museums and Publications related to tribes of Madhya Pradesh.
    - Folk Culture and Literature of Madhya Pradesh.

State Service and State Forest Service (Preliminary) Exam-2027

Syllabus

PAPER-II GENERAL APTITUDE TEST

1. Comprehension.
2. Communication Skill.
3. Logical Reasoning and Analytical Ability.
4. Decision Making and Problem Solving.
5. General Mental Ability.
6. Basic Numeracy - Numbers and their Relations, order of magnitude, Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc.) {Generally upto Class X level}
7. Hindi Language Comprehension Skill (Generally upto Class X level).

Note- Questions related to Hindi Language Comprehension skill will be of generally upto Class X level and will be tested through passages from Hindi language only without providing English Translation thereof in the question paper.

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–2027

परीक्षा योजना

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा में निम्नानुसार कुल 06 वर्णनात्मक प्रश्नपत्र होंगे। सभी प्रश्न पत्र अनिवार्य हैं:–

प्रश्न पत्र	खंड	विषय	पूर्णांक	अवधि	प्रश्नपत्र का माध्यम
सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्नपत्र	(अ)	इतिहास	150	03 घंटे	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
	(ब)	भूगोल	150		
सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र	(अ)	राजनीति विज्ञान	150	03 घंटे	हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी
	(ब)	समाजशास्त्र	150		
सामान्य अध्ययन तृतीय प्रश्नपत्र	(अ)	अर्थशास्त्र	150	03 घंटे	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
	(ब)	विज्ञान, तकनीकी एवं जन स्वास्थ्य	150		
सामान्य अध्ययन चतुर्थ प्रश्नपत्र	(अ)	दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन एवं केस स्टडी	150	03 घंटे	हिन्दी अथवा अंग्रेजी
	(ब)	उद्यमिता, प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास एवं केस स्टडी	150		
पंचम प्रश्नपत्र	–	सामान्य हिन्दी एवं व्याकरण	200	02 घंटे	हिन्दी
षष्ठ प्रश्नपत्र	–	हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन	100	02:30 घंटे	
		कुल योग	**1500**		

साक्षात्कार :– 185 अंक

कुल अंक:– 1685 अंक

1/ **सामान्य अध्ययन– प्रथम प्रश्नपत्र, द्वितीय प्रश्न पत्र एवं तृतीय प्रश्नपत्र** के दोनों खंडों 'अ' तथा 'ब' में अभ्यर्थियों द्वारा केवल हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में उत्तर लिखे जा सकेंगे। उपर्युक्त तीनों प्रश्न पत्रों के प्रत्येक खंड 'अ' तथा खंड 'ब' में पूर्णांकों का वर्गीकरण निम्नानुसार होगा :–

	प्रश्नों का स्वरूप	प्रश्नों की संख्या	अंक (प्रति प्रश्न)	अधिकतम शब्द संख्या प्रति प्रश्न	पूर्णांक
	01 अति लघुत्तरीय	15	02	20	30
	02 लघुत्तरीय	10	07	60	70
	03 दीर्घ उत्तरीय	05	10	200	50
	योग	**30 प्रश्न**			**150 अंक**

2/ **चतुर्थ प्रश्न पत्र** के दोनों खंडों 'अ' तथा 'ब' में केवल हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में उत्तर लिखे जा सकेंगे। प्रश्न पत्र के प्रत्येक खंड 'अ' तथा खंड–'ब' में पूर्णांकों का वर्गीकरण निम्नानुसार होगा :–

प्रश्नों का स्वरूप	प्रश्नों की संख्या	अंक (प्रति प्रश्न)	अधिकतम शब्द संख्या प्रति प्रश्न	पूर्णांक
01 अति लघुत्तरीय	16	02	20	32
02 लघुत्तरीय	08	07	60	56
03 दीर्घ उत्तरीय	04	11	200	44
04 केस स्टडी	01	18	यथा निर्देशित	18
योग	**29 प्रश्न**			**150 अंक**

3/ पंचम प्रश्न पत्र सामान्य हिन्दी तथा व्याकरण केवल हिन्दी माध्यम में होगा। पूर्णांक 200 अंकों का होगा। प्रश्नों के अंकों का विवरण पाठ्यक्रम में उल्लेखित है। प्रश्नपत्र का समय 2 घंटे होगा।

4/ छठा प्रश्न पत्र (हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन) केवल हिन्दी माध्यम में ही होगा। प्रश्नों का विवरण निम्नानुसार होगा :–

स.क्र.	प्रश्न का क्रमांक	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम शब्द संख्या प्रति प्रश्न	पूर्णांक	अवधि
01	प्रथम निबंध–01	01	1000	50	**2:30 घंटे**
02	द्वितीय निबंध–02	01	500	20	
03	प्रारूप लेखन–03	01	250	15	
04	प्रतिवेदन–04	01	250	15	
			योग–	**100**	

आवश्यकतानुसार किसी प्रश्न में उप प्रश्न भी हो सकते हैं। प्रश्नोत्तर पुस्तिका में उत्तर दिए जाने हेतु स्थान अधिक होने की स्थिति में परीक्षार्थी प्रश्न के स्वरूप अनुसार शब्द सीमा का पालन करें।

टीप :–

- राज्य सेवा मुख्य परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न पत्र में (खंड 'अ' तथा 'ब' दोनों को मिलाकर) अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अर्हकारी 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। इसी प्रकार अनारक्षित महिला श्रेणी के अभ्यर्थियों को भी न्यूनतम अर्हकारी 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।
- उपर्युक्त के अतिरिक्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा दिव्यांगजन श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अर्हकारी अंक 30 प्रतिशत अनिवार्यतः प्राप्त करने होंगे।
- राज्य सेवा मुख्य परीक्षा से साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों का श्रेणीवार, प्रवर्गवार 03 गुना तथा समान अंक प्राप्त अभ्यर्थियों को शामिल किया जाएगा।

26.11.2024

परीक्षा नियंत्रक

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

पाठ्यक्रम

प्रथम प्रश्न पत्र

खण्ड–(अ) इतिहास

इकाई–1

- भारतीय इतिहास– भारत का राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास, हड़प्पा सभ्यता से 10वीं शताब्दी तक।
- 11वीं से 18वीं शताब्दी तक भारत का राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक इतिहास।
- सल्तनत एवं मुगल शासक और उनका प्रशासन एवं मध्यकालीन संस्कृति का अभ्युदय।

इकाई–2

- प्रागेतिहासिक एवं आद्य–ऐतिहासिक मध्यप्रदेश, मध्यप्रदेश के प्रमुख राजवंश, गर्दभिल्ल वंश, नागवंश, औलिंकर, परिव्राजक राजवंश, उच्च कल्प वंश, गुर्जर–प्रतिहार, कल्चुरी, चंदेल, परमार, तोमर, गोंडवंश, कच्छपघात वंश।

इकाई–3

- ब्रिटिश शासन का भारतीय अर्थव्यवस्था एवं समाज पर प्रभाव।
- ब्रिटिश उपनिवेश के प्रति भारतीयों की प्रतिक्रिया– कृषक एवं जनजातियों का विद्रोह, प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन/संग्राम। भारतीय पुनर्जागरण– राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं इसके नेतृत्वकर्ता।
- मध्यप्रदेश में स्वतंत्रता आंदोलन।

इकाई–4

- गणतंत्र के रूप में भारत का उदय, राज्यों का पुनर्गठन, मध्यप्रदेश राज्य के रूप में गठन, स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् की प्रमुख घटनाएँ।
- भारतीय सांस्कृतिक विरासत (मध्यप्रदेश के विशेष संदर्भ में)– प्राचीन काल से आधुनिक काल तक विभिन्न कला प्रारूपों, साहित्य, पर्व (उत्सव) एवं वास्तुकला के प्रमुख पक्ष।
- म.प्र. में विश्व धरोहर स्थल एवं पर्यटन।

इकाई–5

- मध्यप्रदेश की प्रमुख रियासतें– गोंडवाना, बुंदेली, बघेली, होल्कर, सिंधिया एव भोपाल रियासत (स्वतंत्रता प्राप्ति तक)।
- मध्यप्रदेश के जनजातीय नायकों का संघर्ष एवं इतिहास में योगदान– राजा शंकरशाह, रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, भीमाजी नायक, खाज्यानायक, टंट्या भील, गंजनसिंह कोरकू, बादल भोई, पेमा फाल्या।

प्रथम प्रश्न पत्र

खण्ड–(ब) भूगोल

इकाई–1 भारत का भौतिक स्वरूप एवं जलवायु

- प्राचीन भारत में भौगोलिक ज्ञान।
- भारत के प्रमुख भू–आकृतिक (भौतिक) विभाग– हिमालय पर्वत, उत्तर भारत का विशाल मैदान और प्रायद्वीपीय पठार।
- प्रमुख पहाड़ियाँ, पठार, नदियाँ और झीलें।
- भारत में मिट्टियाँ– प्रकार एवं वितरण।
- जलवायु– ऋतुएँ, तापमान, वर्षा, मानसून की उत्पत्ति, ऊपरी वायु परिसंचरण– जेट स्ट्रीम।
- जलवायु घटनाएँ– अल–नीनो, ला–नीना, दक्षिणी दोलन, पश्चिमी विक्षोभ, हिंद महासागर, द्विध्रुव, जलवायु परिवर्तन के परिणाम।

इकाई–2 भारत– कृषि एवं जल संसाधन

- कृषि– प्रमुख फसलें और श्रीअन्न (मोटे अनाज), उनका उत्पादन और वितरण।
- सिंचाई– सिंचाई तकनीकों के प्रकार, सिंचाई के स्रोत और बहुउद्देशीय परियोजनाएँ।
- खाद्य सुरक्षा, हरित क्रांति, द्वितीय हरित क्रांति और सतत् कृषि के लिए रणनीतियाँ।
- जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन, वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण के तरीके, नदियों को आपस में जोड़ना, राष्ट्रीय जल नीति।

इकाई–3 भारत– प्राकृतिक संसाधन एवं उद्योग

- वन संसाधन, इनके प्रकार और वितरण।
- प्रमुख खनिज और ऊर्जा संसाधन।
- ऊर्जा संकट और ऊर्जा के गैर–पारंपरिक स्रोत।
- प्रमुख उद्योग– लोहा और इस्पात, सीमेंट, कागज, शक्कर, सूती वस्त्र उद्योग।
- प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण उद्योग।

इकाई–4 आपदाएँ और तकनीकें

- भारत में प्राकृतिक खतरे और आपदाएँ– भूकंप, सुनामी, सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, कोहरा, बादल फटना, तड़ित झंझा, भारत में उष्णकटिबंधीय चक्रवात।
- पर्यावरण प्रदूषण– वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मिट्टी या भूमि प्रदूषण एवं उनका रोकथाम, नियंत्रण और प्रबंधन, प्रदूषण को कम करने के उपाय।
- भारत में जनसंख्या वृद्धि, संसाधनों पर जनसंख्या का दबाव, ग्रामीण–शहरी प्रवास।
- भूगोल में उन्नत तकनीकें– सुदूर संवेदन, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जी.आई.एस.), भौगोलिक स्थिति निर्धारण प्रणाली (जी.पी.एस.) तथा इनके अनुप्रयोग। उपग्रहो के प्रकार।

इकाई–5 मध्यप्रदेश का भूगोल

- प्रमुख भू–आकृतिक (भौतिक) विभाग– मालवा का पठार, मध्य भारत का पठार, बुन्देलखण्ड पठार, विंध्याचल श्रेणी, बघेलखंड पठार, नर्मदा–सोन घाटी, सतपुड़ा श्रेणी।
- प्रमुख नदियाँ और उनकी सहायक नदियाँ।
- जलवायु– ऋतुएँ, तापमान, वर्षा।
- मध्यप्रदेश की मिट्टियाँ, प्रकार एवं वितरण, मृदा अपरदन एवं मृदा संरक्षण।
- प्राकृतिक वनस्पति– वनों के प्रकार और वितरण, प्रमुख वनोपज।
- प्रमुख फसलें, सिंचाई एवं सिंचाई परियोजनाएँ।
- प्रमुख खनिज और ऊर्जा संसाधन, ऊर्जा के गैर–पारंपरिक स्रोत।
- प्रमुख उद्योग, लघु एवं कुटीर उद्योग।
- जनसंख्या वृद्धि, वितरण और घनत्व, नगरीकरण।

द्वितीय प्रश्न पत्र

खण्ड–(अ) संविधान, शासन व्यवस्था, राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरचना

इकाई–1

- भारतीय संविधान– निर्माण, विशेषताएँ, मूल ढाँचा एवं प्रमुख संशोधन।
- वैचारिक तत्व– उद्देशिका, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य एवं राज्य के नीति–निदेशक तत्व।
- संघवाद– केन्द्र–राज्य संबंध, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय, न्यायिक पुनरावलोकन, न्यायिक सक्रियता, लोक अदालत एवं जनहित याचिका।

इकाई–2

- भारत निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एवं नीति आयोग।
- भारतीय राजनीति में जाति, धर्म, वर्ग, नृजातीयता, भाषा एवं लिंग की भूमिका, भारतीय राजनीति में राजनीतिक दल एवं मतदान व्यवहार, सिविल सोसायटी एवं जन आंदोलन, राष्ट्रीय अखंडता तथा सुरक्षा से जुड़े मुद्दे।

इकाई–3

- लोकतंत्र की विशेषताएँ– राजनीतिक प्रतिनिधित्व, निर्णय प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी।
- समुदाय आधारित संगठन (CBO), गैर सरकारी संगठन (NGO) एवं स्व–सहायता समूह (SHG)।
- मीडिया की भूमिका एवं समस्याएँ (इलेक्ट्रॉनिक, प्रिन्ट एवं सोशल मीडिया)।
- भारतीय राजनीतिक विचारक– कौटिल्य, देवी अहिल्याबाई होलकर, महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरु, सरदार वल्लभ भाई पटेल, राममनोहर लोहिया, डॉ. भीमराव आम्बेडकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, जयप्रकाश नारायण।

इकाई–4

- राज्यों का पुनर्गठन 1956 तथा मध्यप्रदेश का निर्माण, मध्यप्रदेश का विभाजन (2000)।
- राज्यपाल– नियुक्ति, शक्ति, स्थिति, मुख्यमंत्री एवं मंत्रिपरिषद– संगठन, कार्य एवं भूमिका।
- मध्यप्रदेश की विधानसभा– संगठन एवं शक्तियाँ, अध्यक्ष की भूमिका, विपक्ष की भूमिका।
- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, संगठन, क्षेत्राधिकार एवं भूमिका।
- जवाबदेही एवं अधिकार– प्रतिस्पर्धा आयोग, अनुसूचित जाति आयोग, अनुसूचित जनजाति आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, मानव अधिकार आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम, बाल आयोग, महिला आयोग।

इकाई–5

- मध्यप्रदेश का प्रशासन– सचिवालय, मुख्य सचिव, सचिव तथा आयुक्त, मध्यप्रदेश में जिला प्रशासन, जिलाधीश की भूमिका।
- मध्यप्रदेश में ग्रामीण स्थानीय स्वशासन– पंचायतीराज संगठन एवं शक्तियाँ, शहरी स्थानीय स्वशासन– संगठन एवं शक्तियाँ, स्थानीय स्वशासन में वित्त नौकरशाही एवं स्वायत्तता का महत्व।
- मध्यप्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य– जनजातीय, पिछड़े एवं वंचित वर्ग का उत्थान एवं नक्सली समस्या से जुड़े मुद्दे।
- मध्यप्रदेश की राजनीति में महिलाओं का योगदान।
- मध्यप्रदेश की राजनीति में समसामयिक मुद्दे।

द्वितीय प्रश्न पत्र

खण्ड–(ब) समाजशास्त्र

इकाई–1 समाजशास्त्र की आधारभूत अवधारणा

- समाज की भारतीय संकल्पना– कुटुम्ब, परिवार, नातेदारी, वंश, गोत्र परंपरा।
- समुदाय, संस्था, संघ, संस्कृति, मानदंड और मूल्य।
- सामाजिक समरसता के तत्व, सभ्यता एवं संस्कृति की अवधारणा। भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ।
- सामाजिक संस्थाएँ– परिवार, शिक्षा, धर्म, वर्ण, ऋण, यज्ञ, संस्कार।
- अनुष्ठान– विभिन्न संदर्भ, जाति व्यवस्था। आश्रम, पुरुषार्थ, समाज और विवाह पर धर्म और संप्रदायों का प्रभाव।

इकाई–2 भारतीय समाज में विविधता और चुनौतियाँ

- भारतीय समाज की संकल्पना– भारत के लोग, विविधता में एकता।
- सांस्कृतिक विविधता– क्षेत्रीय, भाषायी, धार्मिक और जनजातीय।
- अपराध का बदलता परिदृश्य– नशीली दवाओं की लत, आत्महत्या, साइबर अपराध, महिलाओं के प्रति अपराध एवं घरेलू हिंसा।
- वर्तमान बहस– भारत में परंपरा और आधुनिकता।
- राष्ट्र निर्माण की समस्याएँ– धर्मनिरपेक्षता, बहुलवाद और राष्ट्र निर्माण।

इकाई–3 ग्रामीण एवं नगरीय समाजशास्त्र

- ग्रामीण समाज के अध्ययन के उपागम– ग्रामीण–शहरी अंतर, ग्रामीणवाद और नगरवाद।
- किसान अध्ययन, 73वें संशोधन से पहले और बाद में पंचायती राज व्यवस्था, ग्रामीण नेतृत्व, गुटबाजी, लोक सशक्तीकरण।
- ग्रामीण विकास के सामाजिक मुद्दे और रणनीतियाँ– बंधुआ और प्रवासी मजदूर, ग्रामीण समाज में बदलाव के रुझान।
- नगरीय समुदाय की विशेषताएँ, नगरीय समुदाय में परिवर्तन, नगरीकरण के कारण एवं प्रभाव।
- नगर नियोजन की अवधारणा, नगर नियोजन को प्रभावित करने वाले कारक, भारत में नगरीय प्रबंध की समस्याएँ।

इकाई–4 औद्योगीकरण, वैश्वीकरण, सामाजिक विकास और जनसंख्या

- भारत में औद्योगीकरण और सामाजिक परिवर्तन– परिवार, शिक्षा, स्तरीकरण पर प्रभाव। औद्योगिक समाज में वर्ग और वर्ग संघर्ष।
- वैश्वीकरण की चुनौतियाँ, समाजशास्त्र का भारतीयकरण, शिक्षा का निजीकरण।
- सामाजिक संरचना और विकास, सुविधाप्रदाता, अवरोधक, विकास और सामाजिक–आर्थिक असमानताएँ।

- संस्कृति और विकास– सहायक/बाधक के रूप में संस्कृति, उत्तर–आधुनिकीकरण, पश्चिमीकरण।
- भारत में जनसंख्या वृद्धि और वितरण– 1901 से वृद्धि, कारण और प्रभाव।
- अवधारणाएँ– प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर, रुग्णता, प्रवास, आयु और लिंग संरचना।

इकाई–5 मानव संसाधन विकास और सामाजिक कल्याण की योजनाएँ

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020– विजन, सिद्धांत, स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, ऑनलाइन और डिजिटल शिक्षा, वयस्क शिक्षा और जीवन–पर्यन्त सीखना।
- सामाजिक वर्गों और उनके कल्याण कार्यक्रमों से संबंधित मुद्दे– वरिष्ठ नागरिक, बच्चे, महिलाएँ, विशेषाधिकार प्राप्त वर्ग और विकासात्मक परियोजनाओं से उत्पन्न विस्थापित समूह, बालिकाओं की शिक्षा से जुड़े मुद्दे।
- सामुदायिक विकास कार्यक्रम, विस्तार शिक्षा, पंचायती राज, सामुदायिक विकास में गैर–सरकारी संगठनों (एन.जी.ओ.) की भूमिका।
- मध्यप्रदेश में जनजातियों की स्थिति एवं सामाजिक संरचना, रीति–रिवाज। जनजातियों में विश्वास, विवाह, रिश्तेदारी, धार्मिक विश्वास, परंपराएँ, त्यौहार और उत्सव।
- मध्यप्रदेश की लोक संस्कृति।

तृतीय प्रश्न पत्र

खण्ड–(अ) अर्थशास्त्र

इकाई–1 भारतीय अर्थव्यवस्था के मौलिक पहलू

- भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रमुख विशेषताएँ।
- विकसित भारत@2047।
- कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र का क्षेत्रीय योगदान।
- राष्ट्रीय आय की विभिन्न अवधारणाएँ।
- प्रमुख फसलें और फसल पैटर्न।
- चुनौतियाँ– घटती उत्पादकता, किसान संकट और मौसम पर निर्भरता।
- सरकारी पहल– पीएम–किसान, एनएमएसए और विभिन्न योजनाएँ।
- कृषि मूल्य नीति, विपणन और वित्त।
- मूल्यवर्धन के लिए कृषि स्टार्ट–अप और कृषि–प्रसंस्करण।
- भारत में औद्योगिक नीतियाँ और औद्योगिक विकास।
- विनिर्माण और अधोसंरचना– मेक इन इंडिया और अधोसंरचना परियोजनाएँ।
- आतिथ्य और पर्यटन– विदेशी मुद्रा आय में योगदान।
- भारत में वस्तु व सेवाओं का मानकीकरण।

इकाई–2 कराधान और नीति परिदृश्य

- राजकोषीय नीति– लोक व्यय, आगम, कराधान और घाटा प्रबंधन।
- मौद्रिक नीति और भारत में वित्तीय समावेशन।
- अनौपचारिक अर्थव्यवस्था पर नकद लेनदेन का प्रभाव।
- खाद्य सुरक्षा एवं लोक वितरण प्रणाली।
- गरीबी, बेरोजगारी और क्षेत्रीय असंतुलन।
- भारत का विदेशी व्यापार– मूल्य, संरचना और दिशा।
- निर्यात प्रोत्साहन, आयात प्रतिस्थापन और विदेशी पूँजी।
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों की भूमिकाएँ– आई.एम.एफ., विश्व बैंक, ए.डी.बी. और डब्ल्यू.टी.ओ.।

इकाई–3 मध्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था का अवलोकन

- मध्यप्रदेश में राज्य घरेलू उत्पाद और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश (ANMP)। एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम (ODOP)।
- प्रमुख फसलें और फसल पैटर्न तथा जोत।
- खाद्य सुरक्षा, वितरण प्रणाली और भंडारण।
- उद्यानिकी, पशुधन, डेयरी व मत्स्य पालन।

- औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति, अधोसंरचना का विकास।
- एम.एस.एम.ई. और पारंपरिक उद्योगों का विकास और समर्थन।
- मध्यप्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी विकास, जनजातीय अर्थव्यवस्था– कृषि पद्धति, प्रमुख वनोपज, हस्तशिल्प एवं हाट बाजार।
- पर्यटन, व्यापार और निवेश प्रोत्साहन।

इकाई–4 मध्य प्रदेश में सामाजिक एवं आर्थिक विकास

- स्वास्थ्य अधोसंरचना, शिक्षा और कौशल विकास।
- प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए नीतियाँ– वन, जल और खनिज।
- वित्तीय, सामाजिक समावेशन एवं कल्याणकारी योजनाएँ।
- मध्यप्रदेश की जनसांख्यिकी का प्रभाव।
- मानव संसाधन की उत्पादकता और रोजगार।
- मध्यप्रदेश में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की प्रगति।
- राज्य का राजस्व, व्यय, ऋण एवं राजकोषीय अनुशासन।

इकाई–5 सांख्यिकी, डेटा विश्लेषण और प्रायिकता

- समंक संकलन की विधियाँ।
- माध्य, माध्यिका और बहुलक– गणना और व्याख्याएँ।
- डेटा विश्लेषण के प्रकार– वर्णनात्मक बनाम अनुमानात्मक।
- प्रतिचयन की विधियाँ।
- डेटा प्रस्तुति तकनीक– टेबल, चार्ट, ग्राफ।
- प्रायिकता की बुनियादी अवधारणाएँ।

तृतीय प्रश्न पत्र

खण्ड–(ब) विज्ञान, तकनीकी एवं जन स्वास्थ्य

इकाई–1 सामान्य विज्ञान

- विज्ञान के साधारण अनुप्रयोग।
- सूक्ष्मजीव संरचना एवं प्रकार, जैविक कृषि।
- कोशिका–संरचना, प्रकार, विभाजन एवं कार्य, जन्तुओं एवं पौधों का वर्गीकरण।
- पौधों, पशुओं एवं मनुष्यों में पोषण, संतुलित आहार, विटामिन, हीनताजन्य रोग, हार्मोन्स, मानव शरीर के अंग, संरचना एवं कार्य–प्रणाली।
- जैव प्रौद्योगिकी– परिभाषा, स्वास्थ्य और चिकित्सा, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, उद्योग और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में उपयोग।
- ईथनोबायोलॉजी के अनुप्रयोग।
- प्राचीन समय में आर्यभट्ट, वराहमिहिर, ब्रह्मगुप्त एवं भास्कर प्रथम एवं द्वितीय द्वारा खगोल शास्त्र में योगदान। प्राचीन एवं आधुनिक भारतीय वेधशालाओं से संबंधित प्रारंभिक जानकारी।
- बौद्धिक संपदा के अधिकार एवं पेटेंट (ट्रिप्स, ट्रिम्स)।

इकाई–2 कंप्यूटर विज्ञान

- कंप्यूटर के प्रकार, विशेषताएँ एवं पीढ़ी (जनरेशन)।
- मेमोरी, इनपुट और आउटपुट डिवाइसेस, स्टोरेज डिवाइस, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, ऑपरेटिंग सिस्टम, विंडोज, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के उपयोग।
- कंप्यूटर की भाषाओं का सामान्य ज्ञान, (सी, सी++, जावा), ट्रांसलेटर, इन्टरपिटर तथा एसेंबलर।
- इन्टरनेट एवं ई–मेल।
- सोशल मीडिया।
- ई–गवर्नेंस।
- कृत्रिम बुद्धिमता का आधारभूत ज्ञान (ए.आई.), क्लाउड कम्प्यूटिंग, विभिन्न उपयोगी पोर्टल और वेबसाइट तथा वेबपेजेस।

गणितीय विज्ञान

- संख्याएँ एवं इसके प्रकार इकाई मापन की विधियाँ समीकरण एवं गुणनखंड, लाभ–हानि, प्रतिशत, साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज, अनुपात–समानुपात।
- ज्यामितीय आकृतियों का क्षेत्रफल एवं पृष्ठीय क्षेत्रफल।

इकाई–3

- आयुष (AYUSH)– आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा, सोवा रिग्पा, होम्योपैथी चिकित्सा पद्धतियों के मूल सिद्धांत।
- वन नेशन वन हेल्थ सिस्टम/पॉलिसी–2030।
- आयुर्वेद– त्रिदोष, पंचमहाभूत (आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी), दिनचर्या, ऋतुचर्या, पंचकर्म की प्रारंभिक जानकारी। जैविक घड़ी।
- केन्द्र, राज्य, जिला एवं ग्राम स्तर पर आयुष सहित स्वास्थ्य प्रशासन। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (NHP) एवं इसमें आयुर्वेद का क्षेत्र।
- योग– पंचकोष सिद्धांत, अष्टांग योग, षट्कर्म, मुद्रा की प्रारंभिक जानकारी। प्राकृतिक चिकित्सा– मिट्टी चिकित्सा, धूप सेवन (Sun Bath), जल चिकित्सा के चिकित्सकीय प्रभाव एवं प्रकार।
- षोडश संस्कार– नामकरण, निष्क्रमण, कर्णवेध आदि का सामान्य ज्ञान एवं इनका वैज्ञानिक महत्व।

इकाई–4

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम– स्वास्थ्य स्वच्छता एवं बीमारियाँ, कुष्ठ (एन.एल.ई.पी.), एड्स (एन.ए.सी.पी.), अंधत्व (एन.पी.सी.बी.), पोलियो, राष्ट्रीय क्षय निवारण कार्यक्रम, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आर.सी.एच.) कार्यक्रम, इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेव्हलपमेंट स्कीम (आई.सी.डी.एस.), सार्वभौमिक एवं राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम। राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम), राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एन.एफ.एच.एस.)।
- स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.आर.एच.एम. और एन.यू.एच.एम.), मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर।
- विभिन्न बायोमार्कर यथा– हेमेटोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, सीरोलॉजी के सामान्य स्तर की जानकारी।
